हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 210 देहरादून, शुक्रवार, 10 फरवरी, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



सचिव वित्त दिलीप जावलकर ने दिया बजट का विभागवार ब्यौरा 3

# प्रदेश में G 20 शिखर सम्मेलन का होगा भव्य आयोजन : सतपाल महाराज

## उत्तराखंड में रेल सुविधाओं के विकास के लिए 504 करोड रूपए का प्रावधान : सतपाल महाराज

न्यूज़ वायरस नेटवर्क






हरिद्वार , 9 फ़रवरी , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा देश के नागरिकों को सामाजिक न्याय, समानता, सम्मान और समान अवसर उपलब्ध कराने वाला बजट दिया है। 39 लाख करोड़ यह आम बजट अमृत काल का पहला लोक कल्याणकारी बजट है। भाजपा संगठन द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार जनपद भाजपा कार्यालय में जिले के प्रभारी मंत्री व प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने ये बातें कही है । ज्ञात हो महाराज के जनपद का प्रभारी मंत्री बनने के पश्चात ही त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में यहां भाजपा को प्रचंड जीत मिली थी।

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और जनपद के प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि वर्ष 2023-24 के आम बजट कल्याणकारी बजट है। आर्थिक रूप से पिछड़े तथा मध्यम वर्ग के लोगों को सशक्त और सक्षम बनाने वाले इस आम बजट के लिए उन्होने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण तथा उनकी पूरी टीम बधाई देते हुए कहा कि इस बजट में केंद्रीय करों में राज्य के अंश को बढ़ाया गया है। पिछले वर्ष केंद्रीय करो में राज्य का अंश लगभग 9000 करोड़ का था जो अब लगभग 11420 करोड का हो जाएगा।

महाराज ने कहा कि केंद्रीय बजट में उत्तराखंड में रेल सुविधाओं के विकास के लिए 504 करोड रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा प्रदेश में 11 प्रमुख रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाएगा। देहरादून व हरिद्वार रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय रूप भी दिया जाएगा। ₹वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना₹ से राज्य के स्थानीय उत्पादों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होने कहा कि अब नौकरी पेशा लोगों को 7 लाख सालाना आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। टैक्स स्लैब की संख्या को घटाकर पांच तक सीमित कर दिया गया है। प्रदेश के लिए कृषि एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है बजट में कृषि क्षेत्र में ऋण की बढ़ोतरी उसे मोटा अनाज और स्टार्टअप को बढ़ावा मिलेगा इस बजट से स्थानीय उत्पादों को बढावा मिलेगा। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में मडुंवे का विशेष रूप से नाम लिया है और हमारी सरकार मंडुवे के उत्पादन को बढ़ाने का लगातार प्रयास कर रही है। हमारे यहां रामदाना का भी उत्पादन किया जाता है ₹अन्न श्री योजना₹ से इन अनाजों का उत्पादन करने वाले किसानों को निश्चित रूप से फायदा होगा। बजट प्रावधान में उत्तराखंड को चार नए नर्सिंग कॉलेज मिलने की भी संभावना है। बजट में नई लैब फार्मा सेक्टर में निवेश बढ़ेगा।

नर्सिंग में दक्ष युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। टियर 2 और टियर 3 शहरों के विकास के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक से बजट मिलेगा इससे उत्तराखंड के शहरों में बुनियादी सुविधाओं का विकास हो सकेगा। बजट में 50 एयरपोर्ट की स्थापना से प्रदेश में नए एयरपोर्ट का विकास हो सकेगा। नए हेलीपैड बन सकेंगे जिससे प्रदेश को पर्यटन और रोजगार दोनों उपलब्ध होंगे। एकलव्य आवासीय विद्यालय में शिक्षक और कर्मचारियों की नियुक्ति से राज्य के एकलव्य आवासीय विद्यालय में लोगों को रोजगार मिलेगा और नई विद्यालय का निर्माण किया जा सकेगा।

प्रेस वार्ता के दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि अग्निवीर कॉरपस फंड का गठन किया गया है। इसमें 30% योगदान सरकार देगी और 30% योगदान अग्निवीर द्वारा दिया जाएगा ताकि सेवानिवृत्ति के समय सम्मानजनक रूप से सेवानिधि से धनराशि सेवा निवृत्ति के समय प्रदान की जा सके। कुल मिलाकर 2023-24 का बजट आजादी के 100 साल बाद की परिकल्पना का बजट है। जिससे गांव, गरीब, किसानों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, शोषित, वंचित, दिव्यांगजनों, आर्थिक रूप से पिछड़े तथा मध्यम वर्ग और महिलाओं से लेकर समाज के सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। सीनियर मिनिस्टर महाराज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जी-20 सम्मेलन का जिक्र करते हुए कहा कि शिखर सम्मेलन की मेजबानी मिलना देश के लिए गौरव की बात है। उन्होने बताया कि जी-20 सम्मेलन के राष्ट्राध्यक्षों और शीर्ष नेताओं के इंडोनेशिया में 2022 में हुए 17वें शिखर सम्मेलन में भारत की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए थे। इस शिखर सम्मेलन के समापन अवसर पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने भारत को 18वें जी-20 की अध्यक्षता सौंपी थी। कैबिनेट मंत्री महाराज ने बताया कि भारत में जी-20 की 215 बैठकें आयोजित की जा रही हैं। शिखर सम्मेलन में व्यापार, जलवायु परिवर्तन, सतत विकास, स्वास्थ्य, कृषि, ऊर्जा, और भ्रष्टाचार पर चितंन मनन किया जायेगा। देश के विभिन्न राज्यों सहित उत्तराखण्ड को भी यह सौभाग्य प्राप्त हुआ कि यहां भी जी-20 के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। प्रदेश में शिखर सम्मेलन को भव्य तरीके से सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया जाना है जिसके लिए सरकार व शासन स्तर पर इसकी तैयारियां की जा रही हैं।

# उत्तराखंड के 5 जिलों में बारिश-बर्फबारी का अलर्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट , 9 . फ़रवरी ,उत्तराखंड में इन दिनों मौसम शुष्क बना हुआ है लेकिन अब मौसम बदलने वाला है। आजकल दिन में धूप पड़ रही है तो सुबह शाम हल्की सर्दी का अहसास हो रहा है।अब एक बार फिर से मौसम करवट लेने वाला है।

मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में तीन दिन मौसम का मिजाज बदलेगा। देहरादून के अलावा 5 जिलों में बारिश और बर्फबारी की संभावना बन रही है। गर्जना के साथ बिजली चमकने की भी संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया।मौसम विभाग के मुताबिक 10 और 11 फरवरी को 5 जिलों चमोली, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों में बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

मौसम विभाग द्वारा इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। देहरादून के पर्वतीय इलाकों जैसे मसूरी चकराता में भी बारिश बर्फबारी के आसार हैं। 11 फरवरी को उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ में बारिश और बर्फबारी की संभावना है। 10 और 11 फरवरी को चमोली, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों में आकाशीय बिजली चमकने की भी चेतावनी जारी की है।

# यूकेपीएससी अभ्यर्थियों के प्रदर्शन में पथराव; पुलिस ने किया लाठीचार्ज

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून, 9 फरवरी। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में सरकारी नौकरी की परीक्षाओं के एस्पिरेंट्स बेरोजगार संघ (यूकेपीएससी) के अभ्यर्थियों और पुलिस के बीच हंगामा बढ़ता जा रहा है। देहरदून में पत्थरबाजी की घटनाएं सामने आ रही हैं। जिसके बाद पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। दरअसल, देहरादून में गुरुवार को भी गांधी पार्क के सामने विरोध करने युवाओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिसके चलते यहां जाम लगाया गया है। घंटाघर से राजपुर रोड की तरफ ट्रैफिक जाम हो गया। उन्होंने मांग उठाई कि पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच की जाए और दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। साथ ही जब तक नकलरोधी कानून नहीं बन जाता, तब तक कोई भी भर्ती परीक्षा न कराई जाए। विरोध प्रदर्शन करते हुए गांधी पार्क से घंटाघर पहुंचे युवाओं ने जाम लगाया तो पुलिस ने युवाओं पर लाठीचार्ज शुरू कर दिया। वहीं, युवाओं ने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। इससे पहले गांधी पार्क में बेरोजगार युवाओं से मिलने पहुंचे चकराता विधायक प्रीतम सिंह को युवाओं ने घेरा और गो बैक के नारे लगाए।

# असम : मियां-बीवी और काजी भी राजी, फिर भी नहीं हो पा रही है शादी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 9 फरवरी। असम में बाल-विवाह करने और कराने वालों के खिलाफ लगातार मामले दर्ज हो रहे हैं और गिरफ्तारियां भी हो रही हैं। इन गिरफ्तारियों के बाद जो शादियां पहले से तय थीं, अब लड़कियों के माता-पिता बेटियों की उम्र पता करने में जुट गए हैं। जब पता चल रहा है कि उनकी बेटी की उम्र अभी 18 से कम है या थोड़े दिन ऊपर हो रही है, तो शादी रद्द कर रहे हैं। यहां तो मियां-बीवी और तो और काजी भी राजी हैं, लेकिन उम्र की सीमा आड़े आने से शादियां नहीं हो पा रही हैं। डर का आलम यह है कि कइयों ने तो उम्र पार कर चुकीं बेटियों की शादी भी रद्द कर दी है। कोई पुलिस के चक्कर में पड़ना नहीं चाहता। इसके साथ ही माता-पिताओं ने अपने रिश्तेदारों को शादी में नहीं आने को भी बोल दिया है। इसका सबसे ज्यादा नुकसान उन मैरिज हॉल और होटल वालों को हो रहा है, जो शादियों के समय में सबसे ज्यादा कमाई करते थे।

रीना (बदला हुआ नाम) ने कहा, मेरी एक सहेली की बहन की शादी इसी महीने होनी थी। जब से असम में बाल-विवाह को लेकर पुलिस ने धर-पकड़ शुरू की है, लोगों को पकड़-पकड़ कर गाड़ियों में डाले जाने के वीडियो सामने आने लगे, तो उनके माता-पिता डर गए। उन्हें पता था कि मेरी सहेली की बहन की उम्र 18 साल से ऊपर है, लेकिन पुलिस में शिकायत के डर से शादी रद्द कर दी। पता नहीं कौन शिकायत कर दे, तो पुलिस की छानबीन होगी। कौन पुलिस के झंझट में फंसे। कविता कहती है कि सब कुछ तय हो चुका था। बुकिंग हो चुकी थी लेकिन पुलिस के चक्कर में पड़ने के डर से उन्होंने शादी

आखिर क्यों हो रही हैं असम में शादियां रद्दकेंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए एक सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक असम में 20 से 24 वर्ष की उम्र की 31 फीसदी से अधिक महिलाएं ऐसी हैं, जिनकी शादी 18 वर्ष के कम उम्र कर दी गई। असम में 11.7 फीसदी महिलाएं कम उम्र में गर्भवती हो रही हैं। इतना ही नहीं धुबड़ी जिले में तो 50 फीसदी शादियां कम उम्र में हो रही हैं।



रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया की ओर से जारी 2022 की रिपोर्ट के मुताबिक असम देश में सबसे ज्यादा मातृ मृत्युदर वाला प्रदेश है, जबकि शिशु मृत्युदर के मामले में असम तीसरे नंबर वाला राज्य है। इस रिपोर्ट के बाद सरकार ने बाल विवाह करने वाले और कराने वालों पर 3 फरवरी से सख्त कदम उठाए और सलाखों के पीछे पहुंचाया।

# दुल्हन का नमकीन गुनाह - उड़ा देंगे होश


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , , 9 फरवरी। खूबसूरत लाल सड़ी में वो सजी हुई थी। हाथ में लाल-लाल चूड़ियां, माथे पर बिंदी ट्रेन में उसकी खूबसूरती देखकर हर किसी की नजर रुक जा रही थी। ससुराल वाले भी अपनी बहू की बलाए लेते नहीं थक रहे थे और ले भी क्यों न अपने बेटे के लिए चांद का टुकड़ा जो लेकर आए थे।

**वैलेंटाइन स्पेशल-** 14 फरवरी तक लाइव- इसे खास बनाने के लिए वन स्टॉप शॉप।

**दुल्हन की 'जहरीली साजिश'**

वाराणसी का रहने वाला ये परिवार अभी बस अपने बेटे की शादी से फ्री हुआ था और नवे-नवेली दुल्हन को लेकर वाराणसी से जयपुर जा रहा था। पूरा परिवार ट्रेन में था। बहू ने घूंघट किया हुआ था। रास्ते में बातों के दौर के साथ-साथ खाने पीने का दौर भी चला तो बस बहू ने भी ससुरालवालों की खिदमत में कुछ पेश कर ही दिया। दुल्हन ने अपने बैग से नमकीन निकाली और पूरे परिवार को खाने को दी। बहू के मिलनसार व्यवहार से हर कोई खुश था। सबने चटकारे मारकर नमकीन का लुत्फ उठाया और एक बार फिर बातों का दौर शुरु हो गया।



10 घंटे का सफर नई बहू के साथ काफी दिलचस्प कट रहा था। शादी की बातें, दुल्हन को जानने की इच्छा, लेकिन ये क्या थोड़ी देर में हर किसी को नींद आने लगी।

**क्यों बेहोश हो गया पूरा परिवार?**

ट्रेन में बैठे आसपास के लोगों ने देखा कि जो परिवार अब तक इतनी बातें कर रहा था वो काफी देर से शांत था। जब चेक किया गया तो पता चला कि परिवार के सभी लोग बेहोश पड़े हैं। तुरंत रेलव को सूचना दी गई। सभी को नगला रामफल गांव के पास रेलवे ट्रैक के किनारे उतार दिया गया और ट्रेन आगे बढ़ गई। रेलवे की टीम मौके पर पहुंची और सबको अस्पताल ले जाया गया। परिवारवालों ने बताया कि जब लड़की ने उन्हें नमकीन दी उसको खाने के थोड़ी देर बाद वो बेहोश हो गए। ये बात साफ थी दुल्हन ने जानबूझकर परिवारवालों को जहर दिया। ये तो अच्छा हुआ कि किसी की जान नहीं गई। ससुरालवालों को समझ नहीं आ रहा कि शादी के तुरंत बाद ऐसा क्या हुआ जो दुल्हन सबको बेहोश करके फरार हो गई। मामले की जांच की जा रही है।



# ये है सुपर काऊ एक दिन में 140 लीटर दूध देगी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 9 फरवरी। चीन लगातार साइंस एंड टेक्नोलॉजी की फील्ड में अजीबो-गरीब एक्सपेरिमेंट कर रहा है। हाल ही में चीनी वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि उन्होंने क्लोनिंग के जरिए तीन 'सुपर काऊ' तैयार की हैं। ये गायें अपनी पूरी जिंदगी में 100 टन यानी 2 लाख 83 हजार लीटर दूध दे सकती हैं।

लोकल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, तीनों गायों की ब्रीडिंग नॉर्थवेस्ट यूनिवर्सिटी के साइंटिस्ट्स ने कराई है। ये बछड़े पिछले दो महीने में निंगशिया इलाके में पैदा हुए हैं। ये सभी नीदरलैंड्स से आने वाली होलस्टीन फ्रीसियन गाय के क्लोन हैं।अलैंगिक तरीके से एक जीव से दूसरे जीव को तैयार करने की प्रोसेस को क्लोनिंग कहा जाता है।

आसान भाषा में, वैज्ञानिक एक जानवर का DNA लेते हैं और इसकी मदद से जानवर का प्रारूप तैयार करते हैं। वैज्ञानिक अपनी सहूलियत के हिसाब से इनके जीन्स में बदलाव करते हैं, ताकि सामान्य जानवर की तुलना में ज्यादा शक्तिशाली जानवर बनाया जा सके।प्रोजेक्ट लीड जिन यापिंग ने बताया कि सबसे पहले अच्छी नस्ल की गायों के कान के सेल्स (कोशिकाएं) निकाले गए। फिर इनसे भ्रूण तैयार कर 120 गायों में प्रत्यारोपित किए गए। इनमें से 42% गाय गर्भवती हुईं। फिलहाल तीन सुपर काऊ का जन्म हो चुका है, जबकि 17.5% बछड़ों का जन्म अगले कुछ दिनों में हो सकता है।

वैज्ञानिकों की मानें तो एक सुपर काऊ एक साल में 18 टन (16.3 हजार लीटर) दूध देने में सक्षम है। यह अमेरिका की नॉर्मल गाय की तुलना में 1.7 गुना ज्यादा है। या पिंग का कहना है कि चीन में अगले 2-3 साल में एक हजार सुपर काऊ पैदा की जाएंगी।

इससे डेयरी इंडस्ट्री को ज्यादा से ज्यादा फायदा होगा। फिलहाल चीन में हर 10 हजार में से 5 गाय ही अपने जीवन में 100 टन दूध दे पाती हैं। इसके अलावा देश में 70% डेयरी गाय आयात की जाती हैं।यह पहली बार नहीं है जब चीन ने किसी जानवर को क्लोन किया है।

पिछले साल चीनी वैज्ञानिकों ने दुनिया का पहला क्लोन किया गया आर्कटिक भेड़िया तैयार किया था। 2017 में चीन ने ऐसे मवेशी क्लोन किए थे, जो जानवरों में होने वाले ट्यूबरक्यूलोसिस को मात दे सकते हैं।



# युवाओं का हंगामा, सीएम की अपील और कांग्रेस ने मांगी सीबीआई जाँच






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 9 फरवरी। फ़रवरी बीते कुछ महीने से सुलग रही की आग आज उबाल पड़ी और भर्ती घोटालों के लेकर राजधानी देहरादून में भारी संख्या में पहुंचे युवाओं ने जमकर हंगामा किया। गांधी पार्क में धरना प्रदर्शन कर रहे युवाओं का आक्रोश कुछ ही देर में राजधानी की सड़कों पर दिखने लगा। सड़कें जाम हो गई। जिलाधिकारी युवाओं को समझाने पहुंची, लेकिन युवाओं ने एक न सुनी। इस बीच पुलिस द्वारा लाठीचार्ज शुरू करने से मामला और बढ़ गया। वहीं आक्रोशित युवाओं की भीड़ ने भी पुलिस पर पत्थरबाजी शुरू कर दी।अचानक इस बिगड़ते हालात के बीच सीएम पुष्कर सिंह धामी ने युवाओं को अपील करते हुए भरोसा दिया है कि उनके भविष्य के साथ कोई खिलवाड़ नहीं किया जाएगा। सीएम ने युवाओं से किसी के बहकावे न आने की अपील की ।

इधर विपक्षी कांग्रेस ने युवाओं के साथ खड़े होकर सरकार पर तीखे जुबानी हमला शुरू कर दिया है। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राजीव महर्षि ने गांधी पार्क में शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे बेरोजगार युवाओं के साथ बुधवार रात पुलिस द्वारा किए गए बर्बर, अमानुषिक और निंदनीय कृत्य की कड़ी निन्दा करते हुए इसे चोरी और सीनाजोरी करार दिया है। महर्षि ने कहा कि भ्रष्टाचार का विरोध राज्य की धामी सरकार को इस कदर नागवार गुजरा कि



मध्य रात्रि को पुलिस भेजकर बेरोजगार युवाओं को उठाया गया, प्रदेश में आज तक ऐसा कोई उदाहरण नहीं देखा गया है।

**धामी सरकार चोरी और सीनाजोरी पर आमादा : राजीव महर्षि**

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एक भी भर्ती को ईमानदारी और शुचिता से नहीं करवा पाई है जबकि बेईमानी की जांच की मांग कर रहे नौजवानों को रात के अंधेरे में पुलिस का इस्तेमाल कर हिरासत में लिया जा रहा है, यह एक तरह से धामी सरकार की कदाचरण के प्रति स्वीकारोक्ति है। उन्होंने कहा कि सरकार अपने दायित्व का निर्वहन करने में पूरी तरह विफल रही है। सरकार बेरोजगार युवाओं का भरोसा खोने के साथ अपनी प्रासंगिकता भी खो बैठी है। उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षाओं में धांधली, घोटालों की सीबीआई जांच ही एकमात्र रास्ता रह गया है। सरकार तुरंत इस आशय की घोषणा करे।

**आखिर भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच से परहेज क्यों ?**

उन्होंने कहा कि नौजवानों के साथ हो रहे अन्याय की कांग्रेस न सिर्फ निंदा करती है, बल्कि बेरोजगार युवाओं के आंदोलन का समर्थन भी करती है। उन्होंने दोहराया कि सीबीआई जांच ही भर्ती घोटालों पर विराम लगाने का एकमात्र रास्ता है। उन्होंने सवाल किया कि आखिर भाजपा और उसकी सरकार सीबीआई जांच से बच क्यों रही है। इससे यह संदेह गहरा गया है कि घोटालों में उसकी मिलीभगत है। लोक सेवा आयोग की एक हालिया परीक्षा में घपले से इसका खुलासा भी हो चुका है।

# सचिव वित्त दिलीप जावलकर ने दिया बजट का विभागवार ब्यौरा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 9 फरवरी। सचिव वित्त दिलीप जावलकर ने बताया कि वर्ष 2021-22 के अनंतिम अनुमानों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2021-22 में कुल रु 7533.50 करोड़ का पूँजीगत परिव्यय हुआ था। कोषागार से प्राप्त आंकडों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2021-22 में 8 फरवरी, 2022 तक रू 4985.12 करोड का पूँजीगत परिव्यय हुआ था। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष जल जीवन मिशन का केन्द्राश भी उक्त व्यय में सम्मिलित था। कोषागार से प्राप्त आकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में 8 फरवरी 2023 तक कुल रु 5077.28 करोड़ का पूँजीगत परिव्यय हुआ है। इसमें जल जीवन मिशन परियोजना में (31 जनवरी, 2023 तक) लगभग रू 1082 करोड़ केन्द्रांश के अन्तर्गत किया गया व्यय सम्मिलित नहीं है। इस प्रकार जल जीवन मिशन परियोजना को सम्मिलित करते हुए इस वित्तीय वर्ष में कुल रु 6159.28 करोड़ का पूँजीगत परिव्यय हो गया है जो गत वर्ष की तुलना में रू 1174.16 करोड़ अर्थात 23.55 प्रतिशत अधिक है।

माह अक्टूबर 2022 तक पूँजीगत परिव्यय में गत वर्ष की तुलना के कम वृद्धि हो रही थी। इस क्रम में नियमित अन्तराल पर समीक्षा बैठक की गयी, जिसके कारण नवम्बर, 2022 के उपरान्त गत वर्ष की तुलना में पूँजीगत परिव्यय में गति आयी




परिणामतयः 08 फरवरी 2023 तक गत वर्ष की तुलना में लगभग 23.55 प्रतिशत की वृद्धि हो गई है।

**पूँजीगत परिव्यय में वृद्धि मुख्यतः निम्न विभागों के कारण हुईः-**

**ग्राम्य विकासः** – ग्राम्य विकास विभाग के अन्तर्गत गत रु 1097 करोड़ का व्यय हुआ था जिसके सापेक्ष इस वित्तीय वर्ष में रु 1270 करोड का हो चुका है।

**लोक निर्माण विभागः**- लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत गत रु 710 करोड़ का व्यय हुआ था, जिसके सापेक्ष इस वित्तीय वर्ष मे रु 808 करोड के व्यय हो चुका है।

**चिकित्सा शिक्षाः** चिकित्सा शिक्षा विभाग के अन्तर्गत गत रु 173 करोड़ का व्यय हुआ था, जिसके सापेक्ष इस वित्तीय वर्ष में रु 220 करोड़ का व्यय हो चुका है।



**मुख्य सिंचाई तथा लघु सिंचाईः**- सिंचाई विभाग के अन्तर्गत गत रु 128 करोड़ का व्यय हुआ था, जिसके सापेक्ष इस वित्तीय वर्ष मे रु 183 करोड़ का व्यय हो चुका है।

**ऊर्जा विभागः**- ऊर्जा विभाग के अन्तर्गत गत रु 63.17 करोड़ का व्यय हुआ था जिसके सापेक्ष इस वित्तीय वर्ष में रु 151.32 करोड़ का व्यय हो चुका है।

**न्याय विभागः** न्याय विभाग के अन्तर्गत गत रु 8.33 करोड़ का व्यय हुआ था, जिसके सापेक्ष इस वित्तीय वर्ष में रु 90.67 करोड़ का व्यय हो चुका है।

**खेलकूदः**- खेलकूद विभाग के अन्तर्गत गत रु 52 करोड़ का व्यय हुआ था, जिसके सापेक्ष इस वित्तीय वर्ष में रु 87.55 करोड़ का व्यय हो चुका है।

**परिवहनः**- परिवहन विभाग के अन्तर्गत गत रु 0.88 करोड़ का व्यय हुआ था, जिसके सापेक्ष इस वित्तीय वर्ष में रु. 48.57 करोड़ का व्यय हो चुका है।

**पंचायतीराजः**- पंचायतीराज विभाग के अन्तर्गत गत रु 20 करोड़ का व्यय हुआ था, जिसके सापेक्ष इस वित्तीय वर्ष में रु 30 करोड़ का व्यय हो चुका है।

**कृषि :**- कृषि विभाग के अन्तर्गत गत रु 14.77 करोड़ का व्यय हुआ था, जिसके सापेक्ष इस दितीय वर्ष में रु. 24.49 करोड़ का व्यय हो चुका है।

**नागरिक उड्यनः**- नागरिक उड्यन विभाग के अन्तर्गत गत रु 12.98 करोड का व्यय हुआ था, जिसके सापेक्ष इस वित्तीय वर्ष में रु 18.73 करोड़ का व्यय हो चुका है।

**आवास :**- आवास विभाग के अन्तर्गत गत वर्ष के सापेक्ष लगभग 14.69 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

यह भी उल्लेखनीय है कि राज्य के सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों द्वारा भी पूँजीगत परिव्यय किया जाता है। यह राशि कोषागार के आकड़ों में परिलक्षित नहीं होती है।

# उत्तराखंड की धाकड़ क्रिकेटर स्नेह राणा ने ICC रैंकिंग में लगाई लंबी छलांग

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , , 9 फरवरी। . देहरादूनः भारत की स्टार क्रिकेटर स्नेह राणा को अपने शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। स्नेह अपनी रैंकिंग में सुधार करते हुए टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में 6ठें पायदान पर पहुंच गई हैं। आईसीसी की रैंकिंग में यह उनकी अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। स्नेह मूल रूप से देहरादून के मालसी स्थित सिनोला गांव की रहने वाली हैं। कॉमनवेल्थ में भारत की महिला क्रिकेट टीम ने रजत पदक जीता था, और स्नेहा राणा उस टीम का हिस्सा रही थीं। स्नेह ने पाकिस्तान के खिलाफ गेंदबाजी करते हुए दो अहम विकेट झटके थे, जबकि सेमीफाइनल में भी इंग्लैंड और फिर फाइनल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ भी स्नेह ने शानदार गेंदबाजी कर विपक्षी टीम पर दबाव बनाया। स्नेह एक हरफनमौला खिलाड़ी हैं, जो गेंदबाजी के साथ ही बल्लेबाजी में भी अपने जौहर दिखाती हैं।









आईसीसी महिला टी20 विश्व कप की शुरुआत 10 फरवरी से दक्षिण अफ्रीका में होने जा रही है। इस विश्व कप में कुल 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। टी-20 विश्वकप के लिए भारत की और से जो टीम फाइनल की गई है, उसमें स्नेह राणा भी शामिल हैं। स्नेह राणा भले ही आज टीम का अहम हिस्सा हैं लेकिन उत्तराखंड के देहरादून की रहने वाली इस बेटी का करियर और जिंदगी उतार-चढाव से भरी रही है। स्नेह ने साल 2014 में भारत की तरफ से वनडे में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया था, लेकिन कुछ समय बाद ही वह चोटिल होकर टीम से बाहर हो गईं। फिर भी स्नेह ने हिम्मत नहीं हारी और मेहनत व प्रदर्शन के दम पर टीम इंडिया में जोरदार वापसी की। जून 2021 में टेस्ट टीम में चयन के दो महीने पहले उनके पिता का देहांत हो गया था। तब स्नेह ने कहा था कि भारत के लिए टेस्ट डेब्यू करना उनके लिए भावनात्मक क्षण था, क्योंकि उनके पिता उन्हें भारत के लिए फिर से खेलते हुए देखना चाहते थे।

# Google के Logo में जानिए L का रंग हरा क्यों है




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 9 फ़रवरी , Google के लोगो का एक पुराना रूप भी था, जिसमें रंगों का क्रम अलग था. इसमें हरे G और L, लाल O और E, पीले O और नीले G का इस्तेमाल किया गया था.सर्च इंजन गूगल का इस्तेमाल तो आप जरूर करते होंगे! लोगों के दिमाग में इसका लोगो (Logo) छप चुका है. आप इससे भलीभांति वाकिफ होंगे! लेकिन क्या कभी आपने गौर किया है कि Google के लोगों में सारे अक्षर प्राइमरी कलर यानी प्राथमिक रंग के हैं, लेकिन एक अक्षर सेकेंडरी कलर का है. यह अक्षर है- एल (L). गूगल के लोगो की इस तस्वीर को गौर से देखिए. पड़ गए न सोच में?

पहले आपको बता दें कि प्राइमरी रंग में लाल, पीला और नीला आते हैं, जबकि हरा, बैंगनी, नारंगी वगैरह सेकेंडरी कलर होते हैं. आपको जानकर अचंभा होगा कि ऐसा एक्सीडेंटल नहीं है कि गूगल के बाकी अक्षर प्राइमरी रंग के हैं और केवल एल सेकेंडरी यानी हरे रंग का है! इसमें दो अक्षर नीले हैं, दो लाल और एक पीला, जबकि ₹L₹ हरा है, जो प्राथमिक रंग नहीं है.

एक रिपोर्ट के अनुसार, ऐसा यह दिखाने के लिए किया गया था कि Google अलग तरह से सोचता है और वो नियमों से स्ट्रीक्टली जुड़े रहने में विश्वास नहीं रखता. कहा यह भी जाता है कि Google ने मूल रूप से स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में अपने पहले सर्वर को लेगो ब्लॉक के साथ - नीले, लाल और पीले रंग में शो किया था.

## डायट में राज्य स्तर की इतिहास और समाजशास्त्र की कार्यशाला का समापन

चम्पावत। डायट लोहाघाट में इतिहास और समाजशास्त्र शैक्षिक उत्कृष्टता केन्द्र माध्यमिक स्तर के तहत राज्य स्तरीय कार्यशाला का समापन हो गया है। कार्यशाला में उत्तराखंड भर से कई शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। डायट सभागार में प्रभारी प्राचार्य दिनेश सिंह खेतवाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम समन्वयक मनोज भाकुनी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रतिभागियों के समक्ष रखने के साथ ही प्रोजेक्ट निर्माण, मैप रीडिंग से संबंधित विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। मुख्य संदर्भदाता प्रकाश चंद्र उपाध्याय ने आईसीटी के माध्यम से बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित किए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों का निर्माण करने के विविध तरीकों की जानकारी दी। सह समन्वयक शिवराज सिंह तड़ागी ने कहा कि निर्मित प्रोजेक्ट और तैयार प्रश्नों को कक्षा कक्ष में पहुंचाना आवश्यक है। डॉ. अरुण तलनियां ने सीखने के प्रतिफलों को आधार मानकर शिक्षण विधियों को अपनाने पर बल दिया। यहां दयाकृष्ण सनवाल, डॉ. गजपाल राज,भुवन शंकर पांडेय, राखी गहतोड़ी, मुकेश सुतेड़ी, रुचि पांडे, संजय पांडेय, पवन कुमार, बेचन यादव, अरिमर्दन यादव,निर्मल सिंह,कंचन, गणेश दत्त पंत, हरीश चंद्र जोशी, संजीता शाह, चंद्र लाल शाह, जितेंद्र पुनेठा, जीवन चंद्र ,प्रकाश सिंह, भुवन नाथ, उमेद सिंह, कल्पना रानी, नीलम, कैलाश चन्द्र, दीवान राम टम्टा,दीपा थापा, गीता बिष्ट आदि रहीं।

## हाईवे पर नाबालिग को बाइक स्टंट करना पड़ा महंगा

चम्पावत। टनकपुर-बनबसा हाईवे पर एक नाबालिग को बुलेट बाइक पर स्टंट करना भारी पड़ गया। पुलिस ने युवक को सोशल मीडिया पर चिन्हित कर थाने बुलाया। जहां उस पर चालानी कार्रवाई करके काउंसिलिंग की गई। दरअसल, कैंट एरिया से पहले बीते दिन हाईवे पर बनबसा के एक नाबालिग ने स्टंट की वीडियो इंस्टाग्राम पर डाल दी।

# युवाओ के नाम, सीएम धामी का पैगाम

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हमारी सरकार प्रदेश के युवाओं के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह से सजग है। पहले की तरह हमने किसी भी भर्ती घोटाले को न तो दबाया है और न छुपाया है। जितने भी मामले सामने आए, हमने उनकी जांच कराकर, जितने भी दोषी हैं, सभी को जेल भेजा है। हमारी सरकार ने यह पहले ही तय कर लिया था कि भर्ती परीक्षाओं में नकल को रोकने के लिए कड़ा कानून बनायेंगे। देश का सबसे कड़ा नक़ल विरोधी क़ानून हम लेकर आ रहे हैं। ऐसी पुख्ता व्यवस्था की जा रही है कि भविष्य में होने वाली सारी परीक्षायें पारदर्शी और नक़ल विहीन हों। प्रदेश के युवाओं के साथ किसी तरह का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

> हमारी सरकार युवाओं के हित में फैसले ले रही है। प्रदेश की बहन-बेटियों के लिये हमने महिला आरक्षण भी सुनिश्चित किया है। सभी के हितों को संरक्षित किया जायेगा। युवाओं से अनुरोध है कि किसी के बहकावे में न आये।
>
> **पुष्कर सिंह धामी**
> **मुख्यमंत्री उत्तराखंड**



# पेपर लीक के संदर्भ में उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की समग्र जांच हो : उक्रांद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 9 फ़रवरी , भर्ती घोटालों को लेकर आंदोलनरत बेरोजगारों के आंदोलन जो देहरादून गाँधी पार्क से चल रहा हैं, दल पूर्ण समर्थन करता हैं ।दल की ओर से केंद्रीय उपाध्यक्ष सुनील ध्यानी, केंद्रीय मिडिया प्रभारी शिव प्रसाद सेमवाल तथा केंद्रीय प्रवक्ता अनुपम खत्री द्वारा आंदोलन स्थल पर जाकर समर्थन दिया गया ! इस अवसर सुनील ध्यानी ने कहा कि UKSSSC भर्ती घोटाले के बाद राज्य सरकार ने राज्य में भर्ती परीक्षा कराने की जिम्मेदारी उत्तराखंड लोक सेवा आयोग (UKPSC) को दी थी।

किंतु पहले विगत 8 जनवरी को ₹पटवारी-लेखपाल परीक्षा लीक₹ एवं उसके पश्चात ₹AE -JE परीक्षा लीक₹ के बाद आज राज्य में भर्ती प्राधिकरणों पर से छात्रों का भरोसा उठ चुका है। यह बहुत गम्भीर चिंता का विषय है कि जहां UKSSSC में प्रिंटिंग प्रेस के माध्यम से परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लिख किये गए थे, वहीं पटवारी एवं AE-JE परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक करने में उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के वरिष्ठ कर्मचारियों की संलिप्तता सामने आई है।



UKPCS द्वारा 8 जनवरी को सम्पन्न कराई गई ₹पटवारी-लेखपाल परीक्षा₹ लीक हो चुकी है, जिसमें 10 से अधिक अभियुक्त पकड़े जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त 100 के लगभग अभ्यर्थियों की पहचान हुई जिन्होंने नकल की है। यह उल्लेखनीय है कि इस पेपर लीक प्रकरण में लोक सेवा आयोग के एक वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी संजीव चतुर्वेदी का नाम सामने आया है।




कथित अधिकारी आयोग के परीक्षा से जुड़े ₹अतिगोपन विभाग₹ से सम्बंधित था। लोक सेवा आयोग के कथित अनुभाग अधिकारी द्वारा पटवारी का पेपर नही अपितु पूरा ₹Question Bank₹ सौ से अधिक अभ्यर्थियों को परीक्षा से पूर्व उपलब्ध करवाया गया था। दल के मिडिया प्रभारी शिव प्रसाद सेमवाल ने कहा कि अप्रैल 2022 में सम्पन्न ₹AE-JE भर्ती परीक्षा₹ में आयोग के दूसरे महत्वपूर्ण अतिगोपन विभाग के अनुभाग अधिकारी संजीव कुमार को गिरफ्तार किया गया है। कथित आरोपी अनुभाग अधिकारी पर आरोप है कि उसने कुछ अभ्यर्थियों को 28 - 30 लाख रूपये लेकर ₹AE - JE भर्ती परीक्षा₹ से जुड़ा ₹ Question Bank ₹ ही बेच दिया। ये दोनों अनुभाग अधिकारी लोक सेवा आयोग के परीक्षाओं से जुड़े ₹अतिगोपन विभाग₹ में कार्यरत थे। ऐसे में यह बहुत हद तक सम्भव है कि कथित अधिकारियों एवं इनके साथियों द्वारा अन्य परीक्षाओं के प्रश्न पत्र भी इस प्रकार बेचे गए हों।

यह उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड लोकसेवा आयोग में लीक हुई परीक्षाओं की अवधि में पूरे 1 साल का अंतराल है। जहां ₹पटवारी लेखपाल भर्ती परीक्षा₹ 8 जनवरी 2023 को हुई थी, वहीं ₹AE - JE भर्ती परीक्षा₹ अप्रैल - मई 2022 में सम्पन्न हुई है। इस प्रकार उक्त अवधि में लोक सेवा आयोग द्वारा की गई अन्य भर्तियां (Lower PCS, समीक्षा अधिकारी, Upper PCS, FRO) भी शक के घेरे में आ चुकी हैं।


इस घटनाक्रम के आलोक में राज्य के युवाओं के समक्ष परीक्षाओं की शुचिता एवं निष्पक्षता के संदर्भ में गम्भीर शंकाएँ उत्पन्न हो चुकी हैं। राज्य के युवा अभ्यर्थियों के सामने दुविधा यह है कि जिस परीक्षा की वह दिन रात तैयारी कर रहे हैं, कहीं उसकी निष्पक्षता तो प्रभावित नहीं हुई है !ऐसी स्थिति में हम राज्य के सभी अभ्यार्थियों कि मांग की हैं कि लोकसेवा आयोग में परीक्षा से जुड़े प्रत्येक कर्मचारियों की CBI/ STF द्वारा रिटायर्ड हाई कोर्ट न्यायाधीश के मार्गदर्शन में समयबद्ध जाँच होनी चाहिए। जांच के द्वारा आयोग के उन सभी कर्मचारियों की पहचान भी की जानी चाहिए, जो अन्य परीक्षाओं में पेपर लीक कर चुके हैं।

दल के प्रवक्ता अनुपम खत्री ने कहा कि राज लोक सेवा आयोग की जांच करके यह सुनिश्चित किया जाए कि आयोग की कौन कौन से परीक्षाएं पेपर लीक प्रकरण से प्रभावित हुई हैं। इसके अतिरिक्त जाँच का परिणाम आने तक आयोग द्वारा करवाई जा रही सभी आगामी परीक्षाओं को स्थगित करवाया जाए। Upper PCS मुख्य परीक्षा के प्रश्न पत्र जो जून 2022 में बन चुके हैं, उन्हें दुबारा से बनाया जाए ताकि परीक्षा की निष्पक्षता सुनिश्चित की जा सके। ताकि सभी परीक्षाओं की शुचिता एवं निष्पक्षता बनाई जा सके एवं सभी परीक्षार्थी चिंतामुक्त होकर आयोग की विभिन्न परीक्षाओं में भागीदारी कर सकें।

# तुर्की भूकंप में कोटद्वार का युवक लापता परिजनों का बुरा हाल, मदद की गुहार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

कोटद्वार 9 फ़रवरी ,ः तुर्की और सीरिया में शक्तिशाली भूकंपों के कारण अब तक 10,000 से अधिक लोग मारे गए हैं। मरने वालों की संख्या हर दिन बढ़ रही है, करीब 50 हजार से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। तुर्की में हुए earthquake के बाद 10 भारतीय लापता हैं। इनमें उत्तराखंड के रहने वाले विजय कुमार गौड़ भी शामिल हैं। विजय का परिवार कोटद्वार में रहता है। जब से तुर्की में भूकंप आया है, तब से विजय की कोई खबर नहीं मिली। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों का कहना है कि विजय के फोन पर घंटी जा रही है, लेकिन जवाब नहीं मिल रहा। विजय 22 जनवरी को कंपनी के काम से तुर्की गए थे। जिस होटल में विजय रुके थे, उसकी इमारत भी ध्वस्त हो गई है। विजय कुमार मूलरूप से जयहरीखाल ब्लॉक के दकसुण गांव के रहने वाले हैं। वो बेंगलुरु की ऑक्सी प्लांट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कार्यरत हैं।





विजय के बड़े भाई अरुण के मुताबिक 22 जनवरी को कंपनी के काम से तुर्की जाने वाले विजय वहां एक होटल में रुके हुए थे, जो कि 6 फरवरी को आए भूकंप के दौरान ध्वस्त हो गया। तब से विजय लापता है। विजय के परिवार में पत्नी और छह साल का मासूम बेटा है। पत्नी पिंकी रो-रोकर बेसुध हो गई है। विजय ने अपने परिजनों से आखिरी बार 5 फरवरी को बात की थी। उनके परिजनों ने सीएम पुष्कर सिंह धामी और विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी को लेटर लिखकर विजय को खोजने में मदद करने की गुहार लगाई है। कोटद्वार तहसील में भी विजय के लापता होने की सूचना दी गई है। परिजनों ने बताया कि उन्होंने भारतीय दूतावास से भी संपर्क किया था, लेकिन वहां से भी विजय को लेकर अब तक कोई खबर नहीं मिल सकी है।

# एसआईटी के कड़े रुख के बाद बयान दर्ज कराने पहुंचे संदिग्ध अभ्यर्थी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार , 9 फरवरी। पटवारी भर्ती और एई-जेई प्रश्नपत्र लीक मामले में प्रश्न पत्र खरीदने वाले संदिग्ध अभ्यर्थियों को बयान दर्ज कराने के लिए बार बार बुलाने पर भी न आने पर एसआईटी ने कड़ा रुख अपनाया। एसएसपी अजय सिंह के निर्देश पर संदिग्ध अभ्यर्थियों के घरों पर दस्तक देने के बाद अभ्यर्थी बयान दर्ज कराने के लिए रोशनाबाद पुलिस लाइन में एसआईटी के समक्ष पहुंचे। दिन भर में कई अभ्यर्थियों के बयान दर्ज किए गए। माना जा रहा है कि अब जल्द दोनों मामलों में जेल जा चुके आरोपियों के खिलाफ एसआईटी जल्द चार्जशीट दाखिल कर सकती है। राज्य लोक सेवा आयोग की पटवारी और जेई-एई भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक कर अभ्यर्थियों को बेचने का खुलासा हो चुका है। दोनों परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक करने के मामले में एसटीएफ-एसआईटी 15 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। गिरफ्तार आरोपियों में लोक सेवा आयोग के दो अनुभाग अधिकारी, एक अधिकारी की पत्नी भी शामिल है। एसआईटी की छानबीन में पता चला है कि पटवारी भर्ती का पेपर करीब 50 अभ्यर्थियों को बेचा गया था जबकि जेई-एई का लीक पेपर भी 40 अभ्यर्थियों तक पहुंचा था। आरोपियों के खिलाफ ज्यादा से ज्यादा साक्ष्य जुटाने के लिए एसआईटी गवाह के तौर पर पेपर खरीदने वाले अभ्यर्थियों के बयान दर्ज कर रही है, जिससे कोर्ट में आरोपियों को सजा दिलाने के लिए मजबूत पैरवी की जा सके। पिछले कुछ दिनों से अभ्यर्थी बयान दर्ज कराने में भी आलस दिखा रहे थे। एसआईटी का पर्यवेक्षण कर रहे एसएसपी अजय सिंह ने इसका संज्ञान लेते हुए अभ्यर्थियों की सूची थाना कोतवाली प्रभारियों को भेजी। एसएसपी के निर्देश पर थाने कोतवाली की पुलिस ने अभ्यर्थियों के घरों पर दस्तक दी। गुरुवार को बड़ी संख्या में अभ्यर्थी अपने बयान दर्ज कराने के लिए रोशनाबाद पुलिस लाइन में एसआईटी के समक्ष पहुंच गए। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि पेपर लीक मामले में साक्ष्य संकलन की प्रक्रिया चल रही है। जेल जा चुके आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया जाएगा। फरार आरोपियों की तलाश भी जारी है।

# डीएम ने किया नरेंद्रनगर क्षेत्र में लिया जायजा



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

नई टिहरी, 9 फरवरी। जी 20 की व्यवस्थाओं को लेकर डीएम डा सौरभ गहरवार ने नरेंद्रनगर क्षेत्र में गहन स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि व्यवस्थाओं के लिए किए जा रहे कामों में किसी भी प्रकार की कमी किसी भी स्तर पर न रहने पाये। जी 20 के आयोजित होने वाले कार्यक्रम में जनपद की बेहतर छवि का संदेश अतिथियों के बीच जाये। गुरुवार को डीएम ने सीडीओ मनीष सहित जिले के आला अधिकारियों के साथ बाईपास से नरेंद्रनगर जाने वाली सडक़ और नरेंद्रनगर-गुजराड़ा-रानीपोखरी बाईपास रोड का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने एसई लोनिवि को निर्देशित किया कि नरेन्द्रनगर-गुजराड़ा-रानीपोखरी बाईपास पर स्थित झरने का सौन्दर्यीकरण कर डेस्टिनेशन प्वाइंट के रूप में विकसित करें। साथ ही दीवार पर रिफ्लेक्टर यहां पर लगाया जाय। उत्तरकाशी-38 मोटर मार्ग पर कुछ एक स्थानों पर पैराफिट हटाते हुए इंटरलॉक करने, दीवार लगाने तथा उन पर रिफ्लेक्टर लगाने के साथ कुछ प्वाइंटस व पगडंडी को ठीक करने को कहा गया। एक समान इंटरलाक के साथ ही ड्रैनेज को भी ठीक करने के निर्देश दिए। डीएम ने एसडीएम नरेंद्रनगर और बीआरओ के अधिकारियों को बीआरओ कार्यालय के पास दीवार देने, खराब टिन शैड बदलने तथा सौन्दर्यीकरण करवाने के निर्देश दिए।

ईओ नगरपालिका नरेन्द्रनगर को सडक़ के किनारे झाड़ी कटान करवाने एवं साफ-सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने को कहा। बीआरओ कार्यालय नरेंद्रनगर बाईपास बैंड पर सडक़ ठीक करने, साइनेज व फ्लैग लगाने के लिए निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम नरेंद्रनगर देवेन्द्र नेगी, ईई लोनिवि एनपी. सिंह, ईई लोनिव आशुतोष कुमार, तहसीलदार पीताम्बर सिंह रावत, ईओ नगरपालिका विक्रम सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

# जनसमस्याओं की अनदेखी पर मेयर नाराज अधिकारियों को लगाई फटकार

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



ऋषिकेश, 9 फरवरी। नगर निगम ऋषिकेश क्षेत्र में जनसमस्याओं की अनदेखी की शिकायत पर मेयर अनिता ममगाईं ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों को फटकार लगायी । साथ ही आमजन से जुड़े कार्यों में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

गुरुवार को नगर निगम कार्यालय में मेयर अनिता ममगाईं ने निगम अधिकारियों की आपातकालीन बैठक बुलाई। इसमें जनसमस्याओं के समाधान में हो रही कोताही पर उन्होंने नाराजगी जतायी। मेयर ने तल्ख लहजे में कहा कि नगर निगम के विभिन्न विभागों में फरियादी समस्या लेकर आ रहे हैं, लेकिन उन्हें लटकाया जा रहा है।

जनसमस्याओं पर लेट लतीफी की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। जनता की समस्याओं को अधिकारी गंभीरता से लेकर त्वरित निस्तारण की आदत डाल लें। इसमें लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सफाई, सीवर, स्ट्रीट लाइट, टैक्स, पानी, जलभराव, जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र आदि की शिकायतों का समाधान त्वरित गति से करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही हिदायत दी कि यदि इसमें लापरवाही की गई तो संबंधित अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मेयर ने कहा कि फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण को लेकर हर सप्ताह समीक्षा की जायेगी। मौके पर नगर आयुक्त राहुल कुमार गोयल, सहायक नगर आयुक्त रमेश रावत, चंद्रकांत भट्ट, अधिशासी अभियंता दिनेश उनियाल, लेखाधिकारी यतिन शाह आदि मौजूद रहे।

# मुस्लिम फंड संचालक को रिमांड पर लेकर 65 तोला सोना रिकवर

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार, 9 फरवरी। लोगों के करोड़ों रुपये के गबन के आरोपी मुस्लिम फंड संस्था के संचालक मुख्य आरोपी अब्दुल रज्जाक को एक दिन की पुलिस कस्टडी पर लेकर बैंक शाखा के लॉकर में रखा गया आमजन का 65 तोला सोना बरामद कर लिया गया। डेढ़ करोड़ की रकम की एवज में यह सोना गिरवी रखा गया था। सोना रिकवर होने के बाद ज्वालापुर पुलिस ने आरोपी को फिर से जेल में शिफ्ट कर दिया।

पिछले दिनों ज्वालापुर क्षेत्र के मोहल्ला हज्जावान से संचालित हो रहे मुस्लिम फंड संस्था का संचालक अब्दुल रज्जाक कई हजार खाताधारकों की करोड़ों की रकम लेकर फरार हो गया था। आमजन के सडक़ पर उतरने के बाद स्थानीय पुलिस की नींद टूटी थी। आनन फानन में एक पीड़ित की शिकायत पर मुख्य आरोपी अब्दुल रज्जाक एवं उसके सहयोगियों के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। पांच दिन बाद ज्वालापुर पुलिस ने आरोपी अब्दुल रज्जाक, उसके साझेदार मशरूर व नसीम उर्फ मुन्ना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जांच में खुलासा हुआ था कि विदेश से 100 करोड़ की फंडिंग और पुरानी करेंसी बदलवाने के जाल में फंसकर मुख्य आरोपी ने संस्था की साढ़े पांच करोड़ की रकम गंवा दी थी। ज्वालापुर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर बुधवार को आरोपी अब्दुल रज्जाक को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया था, जिसके बाद गुरुवार को मुस्लिम फंड में 65 खाताधारकों के जमा सोने के आभूषण सहकारी बैंक के लॉकर से बरामद किए गए। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आरोपी ने डेढ़ करोड़ की रकम की एवज में सोना गिरवी रखा था। बरामद जेवरात की कीमत डेढ़ करोड़ नहीं है इसलिए जिस -जिस ने जेवरात रखे थे, उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा।

# पूर्व मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने किया सडक़ का शुभारंभ

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के गांव बहादरपुर जट और गाडोवाली में ब्लॉक और जिला पंचायत निधि से बनाई जा रही इंटरलॉकिंग सडक़ों का फीता काटकर पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने शुभारम्भ किया। सडक़ जिला पंचायत निधि और ब्लॉक प्रमुख द्वारा बनवाई जा रही है।

वहीं दूसरी ओर जिला पंचायत सदस्य दर्शना ने धनपुरा और सपेरा बस्ती में सडक़ का शुभारंभ फीता काटकर किया। गुरुवार को गांव बहादरपुर जट और गाडोवाली में पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने फीता काटकर इंटरलॉकिंग सडक़ों का उद्घाटन किया। बताया जा रहा है कि मुख्य सडक़ों को जिला पंचायत निधि व ब्लॉक प्रमुख द्वारा बनवाया जा रहा है। क्षेत्र में अधिकांश सडक़ें पिछले कई वर्षों से टूटकर गड्ढों में तब्दील हैं जो ग्रामीणों व राहगीरों के लिए घातक साबित हो रही है। मुख्य सडक़ों का निर्माण होने से लोगों को परेशानी से छुटकारा मिलेगा। साथ ही दुर्घटनाओं पर भी ब्रेक लगेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पालतू मवेशी छोड़ा तो गोवंश संरक्षण अधिनियम के तहत होगी कार्रवाई

पिथौरागढ़। सीमांत में पालतु मवेशियों को छोडऩे वाले लोगों पर पुलिस गोवंश संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई करेगी। इसके लिए पुलिस का ऑपरेशन कामधेनु शुरू हो गया है। पुलिस ने सभी पशुपालकों से मवेशियों का पशुपालन विभाग में रजिस्ट्रेशन करवाकर टैग अनिर्वाय तौर पर लगाने को कहा है। जनपद में पुलिस ने सडक़ों पर आवारा घूमने वाले पशुओं को लेकर ऑपरेशन कामधेनु शुरू किया है। एसपी लोकेश्वर सिंह ने कहना है कि कुछ लोग दुधारू गायों के दूध न देने के पश्चात उन्हें आवारा छोड़ देते हैं। सडक़ों में घुमने वाले इन मवेशियों के कारण यातायात तो बाधित होता ही है साथ ही कई दुर्घटनाएं होने के भी संभावना बनी रहती है। आवारा पशुओं पर नियंत्रण लगाए जाने के लिए जिले में ऑपरेशन कामधेनु की शुरुआत की गई है। उन्होंने पशुपालकों से पशुओं को सडक़ों में आवारा न छोडऩे की अपील की है। कहा अगर ऐसा करता हुआ मिला तो उसके खिलाफ गोवंश संरक्षण अधिनियम 2007 व गोवंश संरक्षण (संशोधन) अधिनियम 2015 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इधर कनालीछीना में थानाध्यक्ष जावेद हसन के नेतृत्व में पुलिस ने अभियान चलाया। इस दौरान बाजार में घूम रही आवारा गाय को टैग के आधार पर उसके मालिक तक पहुंचाया।

### किसान दलहन तिलहन की फसलों बीमा जरुर कराएं

रुडक़ी। तहसील प्रशासन की ओर से सेठपुर गांव में आयोजित शिविर में अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं के बारे में बताया। बाद में एसडीएम ने लोगों की समस्याएं और शिकायतें भी सुनी। एसडीएम गोपालराम बिनवाल ने शिविर की शुरुआत कर कहा कि आमजन लोगों के लिए कई योजनाएं चल रही हैं। जो विभाग इन्हें चला रहे हैं, वे देहात में जाकर लोगों को इनकी जानकारी दें, जिससे हर पात्र व्यक्ति को इनका लाभ मिले। तहसीलदार चंद्रशेखर वशिष्ठ ने फसल बीमा योजना के फायदे गिनाए और किसानों को फसल का बीमा जरूर कराने का सुझाव दिया। डॉ. विरेंद्र सिंह ने बताया कि दुधारू पशु खरीदने पर सरकार सब्सिडी देती है। इससे लोग दूध का व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। उन्होंने पशुओं का बीमा कराने की अपील भी की। समय सिंह ने गन्ने की फसल में लगने वाले प्रमुख कीट और रोग की जानकारी दी। साथ ही इनके उपचार के बारे में भी बताया।

### ट्रांसफार्मर से तेल और कीमती सामान चोरी

रुडक़ी। रहमतपुर गांव में चोरों ने ट्रांसफार्मर से तेल और कीमती सामान चोरी कर लिया हैं। जेई राहुल गिरी ने मामले में पुलिस को तहरीर दी है। कलियर क्षेत्र के रहमतपुर गांव में लगा 250 केवी का ट्रांसफार्मर बुधवार की रात चोरों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। चोरों ने ट्रांसफार्मर से तेल और कीमती सामान चोरी कर लिया। रात में बिजली जाने से गांव में अंधेरा छा गया। सुबह होने पर लोगों ने देखा तो ट्रांसफार्मर नीचे पड़ा है और उसके अंदर का तेल और सामान गायब है। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर का सामान चोरी होने से गांव से बिजली आपूर्ति बाधित रही। ग्रामीणों ने इसकी सूचना ऊर्जा निगम के जेई को दी। जेई राहुल गिरी ने मौके पर जाकर मौका मुआयना किया। जेई राहुल गिरी ने बताया कि ग्रामीणों ने गुरुवार सुबह ट्रांसफार्मर का सामान चोरी होने की सूचना दी थी। पुलिस को सूचना दे दी गई है। थाना प्रभारी जहांगीर अली ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

### भाजपाइयों ने नए पदाधिकारियों का स्वागत किया

हरिद्वार। रानीपुर विधानसभा क्षेत्र के शिवालिक मंडल उपाध्यक्ष के आवास पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश गिरी, प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा रीता चमोली और नवनियुक्त ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार का स्वागत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पवनदीप कुमार और संचालन संदीप सिंहानिया प्रजापति ने किया। प्रदेश अध्यक्ष राकेश गिरी ने 2024 के चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को तैयार रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चुनाव में ओबीसी समाज की अहम भूमिका रहने वाली है। जिला अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ओबीसी समाज हमेशा से ही भाजपा का समर्थक रहा है। विपक्ष इस बात को लेकर परेशान है और वह ओबीसी समाज में फूट डालने का प्रयास कर रहा है।


# पिथौरागढ़ को जल्द मिलेगी बेस चिकित्सालय में सारी सुविधाएं : डॉ आर. राजेश कुमार


## स्वास्थ्य सेवाओं को आम जनमानस तक सुगमता से पहुंचाने हेतु स्वास्थ्य विभाग का खाका तैयार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पिथौरागढ़/देहरादून , 9 फ़रवरी सूबे की नब्ज़ टटोलने निकले अनुभवी और तेज़तर्रार स्वास्थ्य सचिव डॉक्टर आर राजेश कुमार ने बेस चिकित्सालय का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि जल्द ही सीमांत जनपद पिथौरागढ़ के लोगों को बेस चिकित्सालय का लाभ मिलेगा। सचिव ने कहा फिलहाल मेडिकल कॉलेज पिथौरागढ़ का संचालन मेडिकल एजुकेशनल डिपार्टमेंट के माध्यम से किया जाएगा और डॉक्टरों की तैनाती बेस चिकित्सालय में की जाएगी जिनके सहयोग से चिकित्सालय का संचालन कार्य किया जाएगा। उन्होंने बेस अस्पताल में 100 अतिरिक्त बेड के का प्रबंध करने के लिए कहा।

उन्होंने पेयजल निगम को सप्ताह के अंदर टेंडर फाइनल कर जल आपूर्ति का शेष कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्रधानाचार्य बेस चिकित्सालय द्वारा सचिव महोदय के समक्ष विशेषज्ञ डॉक्टरों को बेस चिकित्सालय में तैनात करने की मांग की गई इसके अतिरिक्त एंबुलेंस, एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड आदि भी मुहैया कराने की मांग रखी जिस पर सचिव ने प्रधानाचार्य बेस





चिकित्सालय को एक सप्ताह के भीतर प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी, प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा और सीएमओ पिथौरागढ़ के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक उपकरणों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए जिसे उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके साथ ही एक सप्ताह में किए गए कार्यों की स्थिति के संबंध में वीसी के माध्यम से अवगत कराने के लिए कहा। प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज पिथौरागढ़ ने मेडिकल कॉलेज के निकट स्थित रेशम विभाग की 1.87 हेक्टेयर भूमि को मेडिकल कॉलेज पिथौरागढ़ को देने की मांग रखी।

स्वास्थ्य सचिव द्वारा मोस्टामानु में मेडिकल कॉलेज कैंपस के लिए चयनित लैंड का स्थलीय निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी पिथौरागढ़ रीना जोशी, ज्वाइंट डायरेक्टर चिकित्सा शिक्षा विभाग डॉक्टर एम के पंत, प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी अरुण जोशी, प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा, उप जिलाधिकारी अनुराग आर्य, तहसीलदार पिथौरागढ़ आदि अन्य स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### तुर्किये व सीरिया के भूकंप के सबक

तुर्किये और सीरिया में सोमवार को आये भयावह भूकंप से हुए महाविनाश में मृतकों की संख्या 17 हजार से अधिक हो चुकी है. इस तरह के बड़े भूकंप से हुई तबाही का दुनिया के कई देशों के साथ भारत को भी अनुभव रहा है. भूकंप की भविष्यवाणी तो नहीं की जा सकती है, लेकिन जान-माल की हानि को रोकने के उपाय हम अवश्य कर सकते हैं. इस संबंध में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमें राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा-निर्देश का पालन सुनिश्चित करना चाहिए. यह हमारे देश में आपदा प्रबंधन के लिए सबसे प्रमुख संस्था है. प्राधिकरण के दिशा-निर्देश का उद्देश्य है कि जब भूकंप आये, तो जोखिम और नुकसान कम-से-कम रहे. यह दिशा-निर्देश प्राधिकरण की वेबसाइट पर उपलब्ध है. निर्देशों में सबसे अहम है कि भूकंपरोधी इमारतों, विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में, का निर्माण हो. तुर्किये से ऐसी कुछ खबरें आयी हैं कि कई इमारतों को भूकंपरोधी तो बताया गया था, पर वास्तव में उनके निर्माण में निर्धारित प्रक्रियाओं का ठीक से पालन नहीं किया गया था. जापान में इस तरह की इमारतें हैं, जो भूकंप के झटके लगने पर मुड़ जाती हैं, ध्वस्त नहीं होतीं. उन्हें बाद में सीधा कर दिया जाता है. इससे जान-माल का नुकसान नहीं होता या बहुत ही कम होता है. भारत में भी उस तरह की तकनीक और डिजाइन का इस्तेमाल कर इमारतों को बनाने के नियम हैं, लेकिन अफसोस की बात है कि उनका पालन सख्ती से नहीं किया जाता है. ऐसे में अगर अधिक तीव्रता का भूकंप आ जाए, तो हमें भारी बर्बादी का सामना करना पड़ सकता है. इसीलिए विशेषज्ञ बार-बार यह कहते रहे हैं कि निर्देशों और मानकों के पालन में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए. उत्तर भारत से लेकर पूर्वोत्तर भारत तक समूचा हिमालयी क्षेत्र भूकंप की आशंका के लिहाज से बेहद संवेदनशील है. हमें यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि यह पूरा इलाका घनी आबादी का क्षेत्र भी है. हिमालय दुनिया का सबसे युवा पहाड़ है और हिमालयी क्षेत्र में भूकंप के झटके अक्सर आते भी रहते हैं. यह पहाड़ नरम पत्थरों से बना हुआ है. अगर इस इलाके में थोड़ी तीव्रता का भूकंप भी बड़े पैमाने पर भू-स्खलन का कारण बन सकता है. इस आशंका के निवारण के लिए वनों को लगाने का काम तेजी से हो रहा है.

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## सरकारी दवाइयों को गड्ढे में दबाने के मामले में अज्ञात के खिलाफ तहरीर

हरिद्वार। बैरागी कैंप में लाखों की सरकारी दवाइयों को जेसीबी से गड्ढे में दबाने के मामले में गुरुवार को सीएमओ ने कनखल थाने में अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। यह मामला सामने आते ही स्वास्थ्य विभाग में हडक़ंप मच गया था। स्वास्थ्य महानिदेशक और स्वास्थ्य निदेशक ने बैरागी कैंप का स्थलीय निरीक्षण किया था। जिले के आठों सामुदायिक केंद्रों के दस्तावेज के साथ सामुदायिक केंद्र के प्रभारियों से घंटों बंद कमरे में दस्तावेज संबंधी जानकारी जुटाई गई थी। जिलाधिकारी विनय शंकर पांडेय को फोन पर मंगलवार को सूचना मिली थी कि किसी ने बैरागी कैंप में रात के समय दवाइयां भूमि में दबाई हैं। डीएम ने एसडीएम पूरण सिंह राणा को मौके पर जाकर जांच करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद एसडीएम ने जेसीबी के माध्यम से गड्ढे में दबाई गए दवाइयों के कई कट्टे बाहर निकाले थे। बुधवार को स्वास्थ्य महानिदेशक और स्वास्थ्य निदेशक हरिद्वार पहुंचीं थी।

## मांझे से कटी सैनिक की गर्दन, हायर सेंटर रेफर

रुडक़ी। रेलवे फ्लाईओवर पार करते समय पतंग का मांझा बीएसएफ में तैनात जवान की गर्दन में धंस गया। इससे उनकी गर्दन काफी गहरे तक कट गई। लोगों ने उन्हें नजदीक के अस्पताल भेजा। डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। रुडक़ी के एक अस्पताल में भर्ती जवान की हालत गंभीर बताई गई है। खड़ंजा कुतुबपुर निवासी कुलदीप शर्मा पुत्र आत्मा राम शर्मा बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स में जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में तैनात हैं। अभी वह छुट्टी लेकर अपने घर आए हुए थे। वह बाइक से किसी काम से लक्सर आए थे। नगर में रेलवे फ्लाईओवर पार करते समय पतंग का मांझा उनकी गर्दन में धंस गया। इससे उनकी गर्दन काफी गहरे तक कट गई। इससे वह लहूलुहान होकर नीचे गिर पड़े।

## संक्षिप्त खबरें

### संचालित योजनाओं का लाभ समय पर पात्र लोगों तक पहुंचाएं : डीएम

अल्मोड़ा। उद्योग विभाग के कार्यों की डीएम वंदना ने समीक्षा बैठक ली। विभाग के सिंगल विंडो सिस्टम के तहत किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की। बुधवार को कलक्ट्रेट में बैठक में डीएम ने बैंक प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि विभिन्न योजनाओं से संबंधित जो भी आवेदन बैंकों को प्राप्त होते हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण करना सुनिश्चित करें। वार्षिक ऋण योजना के अनुरूप आवेदकों को ऋण उपलब्ध कराने, सीएम स्वरोजगार योजना से संबंधित सभी बैंक अपने लक्ष्यों को फरवरी माह में अनिवार्य रूप से पूर्ण करने, स्वीकृत आवेदनों के खातों में लोन धनराशि का निस्तारण करने समेत लंबित आवेदनों को आवेदकों से संपर्क कर निस्तारण के निर्देश दिये। बैठक में जीएम डीआईसी मीरा बोहरा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### दुकान का शटर काटते रंगे हाथ गिरफ्तार हुआ आरोपी

अल्मोड़ा। ताकुला में दुकान का शटर काटने वाले आरोपी को पुलिस ने रंगे हाथ दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। बीते मंगलवार देर रात पुलिस को गश्त के दौरान ताकुला बाजार में केवल आश्रम के पास से कटर मशीन चलने की आवाज सुनाई दी। मौके पर जाकर पुलिस ने देखा की एक व्यक्ति ग्लैंडर मशीन से दुकान का शटर काट रहा था। पुलिस ने आरोपी अजय सिंह (21) पुत्र मदन सिंह, निवासी मुसिया चौड़ कालीगाड़ झिरौली बागेश्वर को पकड़ लिया। सोमेश्वर थानाध्यक्ष विजय नेगी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धारा 379/511 भादवि में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।

### धूमधाम से मनाया विद्यालय का वार्षिकोत्सव

पिथौरागढ़। देवलथल स्थित अटल उत्कृष्ट त्रिलोक सिंह बसेड़ा राजकीय इंटर कालेज में वार्षिकोत्सव उत्साह से मनाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा मौजूद रही। इस दौरान प्रधानाचार्य कुंदन सिंह धामी ने शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। बोहरा ने छात्र-छात्राओं से उचित मार्गदर्शन लेकर जीवन मे आगे बढने की अपील की। शिक्षक बीआर कोहली ने बताया कि वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं के बीच क्विज, ऐपण, वाद-विवाद, कला, तर्कशक्ति, सांस्कृतिक व सामान्य ज्ञान आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को मैडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। संचालन वरिष्ठ शिक्षक राजेश मोहन उप्रेती व कक्षा नौ की छात्रा आकांक्षा कन्याल ने संयुक्त रूप से किया। यहां प्रधानाचार्य बिसोनाखान अनुज कुमार श्रीवास्तव, पूर्व प्रोफेसर दीवान सिंह चौहान, पूर्व प्रधानाचार्य भगवान सिंह नेगी, बाराबीसी उत्थान समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र बसेड़ा, विक्की बसेड़ा, बंटी नेगी, धाना देवी, श्याम सिंह सामंत, संजय पाटनी, दीपक पांडेय, महेश पुनेठा, बबिता खड़ायत, हेमा धामी, राखी चंद आदि मौजूद रहे।

### लापता युवक का शव मोहम्मदपुर झाल से बरामद

रुडक़ी। चार दिन पूर्व लापता युवक का शव मोहम्मदपुर झाल से मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। बीते रविवार की शाम को विपिन (25) पुत्र सुरेंद्र, निवासी गुरुकुल नारसन संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। जिसके बाद विपिन के परिजनों ने उसकी काफी तलाश की थी।

# व्यापारियों की समस्याओं पर हुआ मंथन

न्यूज वायरस नेटवर्क

हरिद्वार, 9 फरवरी। प्रदेश व्यापार मंडल की जिला कार्यसमिति और व्यापारी समस्या मंच शिवालिक नगर टिहरी विस्थापित कालोनी में चौपाल लगा कर व्यापारियों की समस्याएं सुनी गई। जिसमें पूरे जिले के व्यापारी व पदाधिकारी शामिल हुए। व्यापारियों की खुली चौपाल में हरिद्वार में अतिक्रमण के नाम पर व्यापारी का उत्पीडन व पॉलीथिन पर दोहरी नीति के चलते व्यापारी का शोषण करने का आरोप लगाया गया। शिवालिकनगर में सफाई,लक्सर में रेल अंडरपास, ज्वालापुर में रेल चौकी से कोतवाली तक जीरो जोन बनाने व फड़ हटवाने, रुडकी में पार्किंग और जीएसटी में रियायत की मांग की। कोरोना काल से प्रभावित व्यापारियों के लिए आर्थिक पैकेज की मांग भी गई। सभी मांगों, समस्याओं को स्थानीय अधिकारियों और मुख्यमंत्री के सामने रखने का प्रस्ताव पास हुआ। जिला कार्यसमिति को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजीव चौधरी ने कहा कि पहली बार व्यापार मण्डल की खुली चौपाल लगा कर व्यापारियों की समस्या सुनी जा रही है। उन्होंने कहा कि व्यापारी की अनेक समस्या सामने आयी है ये सभी समस्याओं के लिए, हम सम्बंधित अधिकारियों और मुख्यमंत्री से मिलकर उनको हल कराने का प्रयास करेंगे। यदि समस्या हल न हुई तो व्यापार मण्डल आंदोलन का रास्ता अपनाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश व्यापार मण्डल ने सभी व्यापारियों को एक ऐसा मंच दिया जिस पर वो अपनी आवाज उठा सकते हैं और अपनी समस्या हल करा सकते हैं। अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष प्रद्युम्न अग्रवाल ने कहा कि पूरे जिले में चौपाल लगाकर व्यापारियों की समस्या सुनी जाएगी और व्यापार मण्डल को आम व्यापारी तक पहुंचाया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से ज्वालापुर शहर अध्यक्ष सागर कुमार, कनखल शहर पंकज सवन्नी, रानीपुर विधानसभा अध्यक्ष ओम भारद्वाज, लक्सर अध्यक्ष मनोज वर्मा, महदूद अध्यक्ष सरदार कोमल सिंह, पवधोई अध्यक्ष सुहेल कुरैशी, जटवाड़ा पुल व्यापार मण्डल अध्यक्ष अनिल तेश्वर,कुलवंत चड्ढा, अजीत सिरोही, आशीष पंवार, पुष्पेंद्र गुप्ता, विजय धीमान, विपिन राणा, हरविंदर सिंह, आशीष अग्रवाल, पार्षद अनुज सिंह , विशाल गोस्वामी आदि जिले भर के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# एसपी ने किया कोतवाली का अद्र्धवार्षिक मुआयना किया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुडकी, 9 फरवरी। पुलिस अधीक्षक देहात स्वप्न किशोर सिंह ने गुरुवार को कोतवाली का अद्र्धवार्षिक मुआयना किया। उन्होंने शस्त्रों की साफ सफाई, रखरखाव, कोतवाली परिसर, खासकर रसोईघर में स्वच्छता पर संतोष जताया। उन्होंने अभिलेखों को समय से अपडेट करने और गंभीर प्रकृति के मुकदमों की विवेचना में तेजी लाने की हिदायत दी। एसपी ने इस दौरान कई सिपाहियों से रायफलें लोड कराकर देखा। इसके बाद कोतवाली परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान रसोईघर की स्वच्छता पर मेस इंचार्ज की पीठ थपथपाई। अभिलेखों का रखरखाव भी ठीक पाया गया। उन्होंने कोतवाली कार्यालय के कर्मचारियों को अभिलेखों को नियमित अपडेट करने की हिदायत दी। सील करके कोतवाली में रखे मुकदमों से संबंधित माल मुकदमाती के रखरखाव पर भी एसपी देहात ने संतुष्टि जाहिर की। इसके बाद उन्होंने सीओ विवेक कुमार, कोतवाल अमरजीत सिंह और दरोगाओं की बैठक लेकर मुकदमों की विवेचनाओं की समीक्षा की। हिदायत दी कि गंभीर प्रकृति के मुकदमों की विवेचना सही करने के साथ उनमें तेजी भी लाई जाए। इनके अलावा उन्होंने पुराने हिस्ट्रीशीटर बदमाशों की सूची देखी। एचएस की नियमित निगरानी और सत्यापन करते रहने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसएसआई अंकुर शर्मा, एसआई मनोज नौटियाल, अशोक रावत, हरीश गैरोला, गीता चौहान और एकता ममगाई आदि मौजूद रहे।

## विधायक प्रीतम ने किया छाम थाने का शुभारंभ

नई टिहरी। प्रदेश सरकार के राजस्व पुलिस क्षेत्रों को रेगुलर पुलिस को सौंपने के क्रम में छाम क्षेत्र को रेगुलर पुलिस को सौंपते हुए छाम थाने का शुभारंभ पूजा-अर्चना के साथ धनोल्टी विधायक प्रीतम पंवार ने किया। छाम जनपद टिहरी गढ़वाल का 12वां थाना बन गया है। इस मौके पर विधायक पंवार ने कहा कि थाना खुलने से जनता की समस्याओं का त्वरित गति से निदान होगा। पुलिस भी मित्र पुलिस की तरह लोगों की सुख-दुख की साथी बनेगी। एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने कहा कि पुलिस जनता की भावनाओं के अनुरूप काम करेगी। पुलिस अपराध पर नियंत्रण के लिए साइबर क्राइम, नशे व महिला अपराध को लेकर पुलिस जागरूकता कार्यक्रम भी चलायेगी। नये थाने छाम के एसएचओ प्रदीप पन्त ने कहा कि पुलिस से जनता बिल्कुल भी संकोच न करे। पुलिस पूरी तत्परता से जनता के साथ मिलकर काम करेगी और अपराधों के नियंत्रण को प्रभावी कार्यवाही करेगी।

## बैंक मैनेजर के वेतन पर डीएम ने लगाई रोक

पौड़ी। जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक में सीडी रेश्यो की खराब स्थिति पर डीएम ने इंडसइंड बैंक के शाखा प्रबंधक के वेतन आहरण पर रोक की सिफारिश की है। उन्होंने कहा कि सीडी रेश्यो में सुधार के बाद ही वेतन आहरित किया जाएगा। इतना ही नहीं डीएम ने कम सीडी रेश्यो पाये जाने पर लीड बैंक एसबीआई समेत अन्य बैंको का स्पष्टीकरण भी तलब किया है।

डीएलआरसी व डीसीसी की समीक्षा करते हुए डीएम डा. आशीष चौहान ने इंडसइंड बैंक के करीब 132 करोड़ के डिपॉजिट के सापेक्ष महज 3 लाख के क्रेडिट पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने बैंक के इतने कम सीडी रेश्यो पर बैंक के शाखा प्रबंधक के वेतन आहरण पर रोक लगाने के निर्देश दिये हैं। डीएम ने कहा कि इस संबंध में एसएलबीसी से पत्राचार किया जाएगा। साथ ही डीएम ने सख्त हिदायत भी दी कि सीडी रेश्यो में सुधार होने के बाद ही मैनेजर का वेतन आहरित किया जाएगा।

बैंकर्स की समीक्षा करते हुए डीएम ने पाया कि लीड बैंक एसबीआई, पीएनबी व सीबीआई समेत अधिकतर बैंकों का ऋण जमा अनुपात 20 की अंक को भी नहीं छू पा रहा है। जिस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने एसबीआई, पीएनबी, सीबीआई के साथ ही कम प्रगति वाले बैंक प्रबंधकों का स्पष्टीकरण तलब किया है। डीएम ने अग्रणी बैंक अधिकारी को यमकेश्वर क्षेत्र में गुर्जरों के लिए वित्तीय साक्षरता कैंप, आधार कार्ड बनाने, बैंक खाते खुलवाने के लिए मिशन मोड पर कार्य करने के निर्देश दिए।

# छात्रों ने नशे से दूर रहने का संकल्प लिया

न्यूज वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रया, 9 फरवरी। पहाड़ के युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक होकर अपने भविष्य को संवारना होगा। अनेक तरह से यहां के युवाओं को नशे की गर्त में धकेलने का प्रयास किया जा रहा है। नशे से दूर रहकर ही जीवन में आगे बढ़कर सफलता हासिल की जा सकती है। यह बात मानवाधिकार संरक्षण एवं भ्रष्टाचार निवारक समिति उत्तराखंड के अध्यक्ष एडवोकेट ललित मोहन जोशी ने कही। मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बेलनी में छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम के दौरान जोशी ने कहा कि समिति का प्रयास उत्तराखंड के स्कूली बच्चों एवं युवाओं में राष्ट्रनिर्माण को लेकर जोश भर रही है। युवाओं में जोश भरने का के लिए मानवाधिकार संरक्षण एवं भ्रष्टाचार निवारक समिति उत्तराखंड अनेक जगहों पर जाकर स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ ही समाज को जागरूक कर रही है। एडवोकेट ललित मोहन जोशी ने कहा कि नशे के खिलाफ जन-जागरूकता अभियान चला रही मानवाधिकार संरक्षण एवं भ्रष्टाचार निवारक समिति अपने अभियान को जारी रखते हुए निरंतर पहाड़ के अनेक कोनों में जा रही है। गुरुवार को श्रीनगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज, श्रीकोट व रुद्रप्रयाग स्थित माई गोविंद गिरी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बेलनी में नशे के प्रति स्कूली छात्रों को जागरूक किया गया। छात्र-छात्राओं से युवा संवाद के जरिए नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए कहा कि किसी भी तरह का नशा इंसान को शारीरिक मानसिक से कमजोर तो करता ही है साथ राष्ट्रनिर्माण में भी बाधक बनता है। जिस देश का युवा नशे की गिरफ्त में होगा फिर उस देश के लिए एक समृद्ध राष्ट्र की कल्पना नहीं की जा सकती। रुद्रप्रयाग विद्या मंदिर बेलनी के छात्रों ने नशे से दूर रहने का संकल्प लिया।

छात्र-छात्राओं ने सीधे संवाद में शासन-प्रशासन से भी नशीले पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने की मांग की। इस मौके पर युवा संवाद कार्यक्रम में विद्या मंदिर बेलनी रुद्रप्रयाग के प्रधानाचार्य शशि मोहन उनियाल, सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज श्रीकोट, श्रीनगर के प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती के साथ ही मानवाधिकार संरक्षण एवं भ्रष्टाचार निवारक समिति के मोहित बिष्ट, योगेश चिराल, हिमांशु कांडपाल, दीवान सिंह सहित शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### स्थायीकरण नहीं होने से पांच हजार से अधिक शिक्षक प्रभावित

पौड़ी। गढ़वाल मंडल में शिक्षकों की वरिष्ठता व स्थायीकरण नहीं होने से पांच हजार से अधिक शिक्षक प्रभावित हैं। शिक्षकों का कहना है कि वर्ष 2018 से शिक्षको की वरिष्ठता तय नहीं हुई है। वर्ष 2014 से एलटी व प्रवक्ता के पदों पर नियुक्त शिक्षको का स्थायीकरण भी नहीं हो पाया है। जिससे पांच हजार से अधिक शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने शिक्षको की मंडल स्तरीय समस्याओं के जल्द समाधान की मांग की है। मंडल मुख्यालय पौड़ी के शिक्षा परिसर में राजकीय शिक्षक संघ के मंडलीय प्रतिनिधिमंडल ने अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा गढ़वाल मंडल महावीर बिष्ट से मुलाकात की। इस मौके पर संघ के गढ़वाल मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह सरियाल ने कहा कि मंडल स्तर पर शिक्षको की समस्याओं का समाधान लंबे समय से नहीं हो पा रहा है जिससे शिक्षको को समय पर उन्हें सेवा का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। कहा शिक्षको की शैक्षणिक अभिवृद्ध लिंबे समय से दर्ज नहीं की जा रही है। संघ ने शिक्षकों के सभी प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण, पेपरलेस पद्धति, चयन प्रोन्नत एवं स्थायीकरण आवेदन का सरलीकरण, चक्रवार स्थानांतरण, नई नियुक्ति होने से पूर्व पात्र शिक्षकों को स्थानांतरण का लाभ, तदर्थ व समायोजित शिक्षकों को चयन प्रोन्नत वेतनमान का लाभ सहित विभिन्न मांगों के निस्तारण की मांग की। अपर निदेशक बिष्ट ने शिक्षको को मंडल स्तर पर लंबित प्रकरणों के निस्तारण का आश्वासन दिया।

### विवाहिता की मौत में पति समेत चार पर केस

हरिद्वार। बहादराबाद थाना क्षेत्र के रोहालकी किशनपुर गांव में विवाहिता की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची बहादराबाद पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। घटना बुधवार देर रात की है। महिला के भाई की शिकायत पर पुलिस ने पति-सास सहित चार लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीडन के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसकी बहन गुंजन की शादी बीते वर्ष 20 फरवरी को रोहालकी निवासी राहुल के साथ हिंदू रीति-रिवाज से तय हुई थी। शादी के बाद से ही उसकी बहन को लगातार दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया। बार-बार उनसे रुपयों की मांग की जाने लगी। मांग पूरी नहीं होने पर मारपीट की जाती थी। आरोप है कि बीते बुधवार रात उसकी बहन घर पर थी। आसपास के लोगों ने सूचना दी कि उसकी बहन की मृत्यु हो गई। जब मौके पर पहुंचे तो वह फर्श पर पड़ी थी, मुंह से झाग आ रहा था। उसने जहरीला पदार्थ खाया हुआ था। थाना प्रभारी नितेश शर्मा ने बताया कि मृतका गुंजन के भाई प्रिंस तोमर पुत्र महिपाल निवासी मुंडाली मेरठ यूपी की शिकायत पर पति राहुल कुमार, सास सुनीता, राहुल के भाई सचिन, भाभी ऋ्चु के खिलाफ मृतका का शारीरिक व मानसिक उत्पीडन करने के आरोप में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 318 ग्राम पंचायतों में उप प्रधान के लिए चुनाव 16 को

हरिद्वार। जनपद की 318 ग्राम पंचायतों में उप प्रधानों के लिए निर्वाचन 16 फरवरी को कराया जाएगा। उप प्रधानों के पदों पर निर्वाचन के लिए 10 से 15 फरवरी के बीच नामांकन पत्रों की बिक्री पंचायत मुख्यालय पर की जाएगी। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी विनय शंकर पांडेय की ओर से दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी विनय शंकर पांडेय के अनुसार जनपद की 318 ग्राम पंचायतों में उप प्रधानों का निर्वाचन 16 फरवरी को किया जाएगा। 16 फरवरी को नामांकन पत्र जमा करने का समय 10:00 से 11:00 और नामांकन पत्रों की जांच 11:00 से 12:00 के बीच होगी, जबकि नाम वापसी का समय 12:00 से 12:30 के बीच निर्धारित किया गया है। निर्वाचन चिन्ह का आवंटन 12:30 से 1:00 के बीच किया जाएगा, मतदान का समय 1:30 से लेकर 3:30 बजे निर्धारित किया गया है मतदान के बाद 16 फरवरी को ही 4:00 बजे से मतगणना की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार बहादराबाद में 80, भगवानपुर में 54, रुड़की में 45, नारसन में 63, लक्सर में 51 और खानपुर में 25 ग्राम पंचायत में उप प्रधानों के लिए निर्वाचन किया जाएगा। 16 फरवरी को जिले की समस्त ग्राम पंचायतों की बैठक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर की जाएगी। यह बैठक ग्राम पंचायत मुख्यालय के पंचायत भवन, प्राथमिक विद्यालय अथवा किसी सार्वजनिक स्थान पर आयोजित की जाएगी। नामांकन पत्रों की बिक्री क्षेत्र पंचायत कार्यालय पर 10 फरवरी से 15 फरवरी के बीच अवकाश दिवस को छोड़कर 10:00 से 5:00 बजे के बीच निर्धारित की गई है। 16 फरवरी को निर्वाचन के लिए प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

### अवैध खनन में बंद पड़े स्टोन क्रशर पर 36 लाख का जुर्माना

हरिद्वार। जिलाधिकारी विनय शंकर पांडेय के निर्देश पर भोगपुर क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायत की जांच के लिए खान अधिकारी प्रदीप कुमार व तहसीलदार हरिद्वार रेखा आर्य के नेतृत्व में खनन व राजस्व विभाग की टीम बुधवार देर रात पहुंची। भोगपुर स्थित दुर्गा स्टोन के 100 मीटर दूर एक अवैध खनन का खुदाई किया गया गड्ढा मिला। जिसमें 13200 घन मीटर खुदान पाया गया। मौके पर गड्ढे के किनारों की ओर 1328.88 घन मीटर मिट्टी जमा पायी गयी तथा 11871.12 घन मीटर उपखनिज आरबीएम मौके से उठान किया पाया गया। मौके से उठाया गया उपखनिज 100 मीटर की दूरी पर स्थित दुर्गा स्टोन क्रशर की पिछली दीवार टूटी होने पर पाया गया कि उक्त उपखनिज दुर्गा स्टोन क्रशर द्वारा अवैध रूप से परिसर में जमा किया गया है, जबकि स्टोन क्रशर 2021 से ही नवीनीकरण न होने के कारण बन्द है। स्टोन परिसर में अवैध उपखनिज पाये जाने पर स्टोन क्रशर पर कार्रवाई की गयी।

### काशीपुर-बुआखाल हाईवे पर लगाया जाम

पौड़ी। अल्मोड़ा के झड़गांव में महिला पर गुलदार हमले से आक्रोशित ग्रामीणों ने काशीपुर-बुआखाल हाईवे पर मर्चूला में जाम लगा दिया। जाम लगने से रामनगर से धुमाकोट व बैजरो जाने वाले वाहन फंस गए। इस दौरान सडक़ के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। अल्मोड़ा के झड़गांव में गुलदार के हमले में महिला को निवाला बनाने की खबर मिलने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने काशीपुर-बुआखाल हाइवे पर मर्चूला में जाम लगा दिया। वहीं, घटना का संज्ञान लेते हुए पौड़ी के डीएम डा.आशीष चौहान ने अफसरों को जाम खोलने के निर्देश दिए।

### विधायक ने जनसमस्याएं निस्तारण के लिए बनाए प्रतिनिधि

पौड़ी। विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी ने जनसमस्याओं के निस्तारण के लिए विधानसभा प्रतिनिधि व मंडल प्रतिनिधि नियुक्त किए है। विधायक राजकुमार पोरी ने बताया कि प्रहलाद सिंह रावत को विधानसभा प्रतिनिधि बनाया गया है। जबकि कोट ब्लाक में माणिक लाल भटट, कृष्णमोहन तडियाल, मनोज रावत, सुभाष रावत, दुर्गा प्रसाद खंडूड़ी, कल्जीखाल में सुभाष रावत, मनोज नैथानी, राकेशमोहन, बीरेंद्र नेगी, संतोष चंदोला, पौड़ी ग्रामीण मनोज जखमोला, पंकज डोभाल, संजय पुंडीर, अमित तोपाल, बीरबल सिंह, पौड़ीनगर में सुबोध नौटियाल, रोशन रावत, नितिन रावत को मंडल प्रतिनिधि बनाया गया है।